# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## प्रेस विज्ञप्ति

वर्ष 2025 के स्नातक, स्नातकोत्तर, पी0एचडी0, डी0 लिट0, उपाधि तथा मेडल प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह *दिनांक 10-09-2025 दिन बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा।* इस अवसर पर समस्त उपाधि एवं मेडल धारक छात्र/छात्राओं को उपाधि व मेडल प्राप्त करने होंगे।

उपरोक्त समस्त छात्र/छात्राओं को दिनांक 08-09-2025 दिन सोमवार एवं दिनांक 09-09-2025 दिन मंगलवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक अंगवस्त्र/उत्तरीय वितरण हेतु उपलब्ध होगा। इन दिवसों में रू0 350/- अंगवस्त्र हेतु तथा निर्धारित परिधान, कुर्ता, पैजामा हेतु रू0 450/- कैशियर कार्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा कर पावती प्राप्त करनी होगी। तदुपरान्त उक्त पावती **कला संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित कक्ष संख्या A-160 (निकट कुलानुशासक कार्यालय)** में सम्बन्धित वितरणकर्ता को प्रदान कर उक्त अंगवस्त्र/उत्तरीय प्राप्त करने होंगे।

दीक्षान्त समारोह के सम्पन्न होने के उपरान्त अंगवस्त्र/उत्तरीय दिनांक 10-09-2025 को अपराहन 05:00 बजे तक एवं दिनांक 11-09-2025 दिन गुरूवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक वितरणकर्ता को **कक्ष संख्या A-160** में वापस करने के उपरान्त जमा शुल्क पावती प्राप्त कर उसे कैशियर कार्यालय, में प्रस्तुत करना होगा, कैशियर कार्यालय द्वारा जमा शुल्क मे से रू0 60/- अंगवस्त्र हेतु तथा रू0 90/- परिधान शुल्क (कुल धनराशि रू0 150/- मेन्टीनेन्स चार्जेज के रूप में) के रूप में काटकर शेष रू0 650/- का भुगतान छात्र/छात्राओं को कर दिया जायेगा। छात्र/छात्राओं द्वारा अंगवस्त्र/उत्तरीय निर्धारित तिथि तक वापस नहीं करने की स्थिति मे जमा जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। वेशभूषा की व्यवस्था उपाधि प्राप्तकर्ता द्वारा स्वंय करनी होगी।

समस्त उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता दिनांक 10-09-2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक दीक्षान्त समारोह स्थल (कला संकाय प्रांगण) में अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर ले।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

**संख्याः–** M- 15037-47 **दिनांकः–** 22/08/25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1- निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2- प्रो0 अवधेश कुमार, संयोजक, वस्त्र एवं परिधान समिति, दीक्षान्त समारोह 2025।
3- समस्त संकायाध्यक्ष, ल0वि0वि को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति संकाय कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4- निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
5- वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6- परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7- उप कुलसचिव, परीक्षा, ल0वि0वि0।
8- उप कुलसचिव, लेखा, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि वह छात्रों के परिधान शुल्क जमा करावाने के संबंध में विज्ञप्ति के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
9- समस्त, सहायक कुलसचिव, ल0वि0वि0।
10- प्रभारी, बेवसाइट,ल0वि0वि0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड़ कराने का कष्ट करें।
11- समस्त उप कुलसचिव, ल0वि0वि0।

Bmisla
कुलसचिव